अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में **एम ए हिंदी, एम ए अर्थशास्त्र, एम ए अंग्रेजी, एम एस सी मैथमेटिक्स, एम एस सी कंप्यूटर साइंस** द्वारा दिनांक 26.04.2018 को विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने दीपशिखा **प्रज्ज्वलन** द्वारा किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विद्यार्थियों के **उज्ज्वल** भविष्य की कामना की और **साथ ही कहा कि विद्यार्थी स्वार्थी न बनकर सारथी बनें** । विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों में मिस **स्नातकोत्तर प्रियंका कौशिक**, मिस पर्सनलिटी **छवि**, मिस ब्यूटीफुल **नीलम और पूर्णिमा**, मिस टेलेन्टेड **करिश्मा**, **मिस इंटेलिजेंट निकिता, मिस्टर इंटेलिजेंट हरेन्दर** रहे। **इस विदाई समारोह में श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरण आनंद, डॉ नरेश कामरा, डॉ रेनू माहेश्वरी, डॉ ऊषा चौधरी, डॉ शिल्पा गोयल, डॉ सचिन गर्ग, डॉ रामचंद्र, डॉ बांके बिहारी, नेहा गोयल, रेखा सैन, डॉ गीता गुप्ता, डॉ सारिका आदि**

उपस्थित थे । अंत में श्रीमती कमल टंडन ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।